संक्षिप्त

पारीक बने पुष्कर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष

मालपुरा, (निस) अखिल भारतीय पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर के वार्षिक चुनाव में मालपुरा के समाजसेवी अटल पारीक को ट्रस्ट उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज बंधुओ ने बधाई दी। चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख मे सम्पन्न हुये वार्षिक चुनाव मे कैलाश चन्द जोशी कोढ अध्यक्ष निर्वाचित हुये। नवीन कार्यकारिणी मे मालपुरा पारीक समाज अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र पारीक,अटल पारीक को उपाध्यक्ष का दायित्व सौपने पर राजस्थानी पगडी व माला पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। मालपुरा पारीक समाज मे हर्ष की लहर दौड पडी। अटल पारीक ने समाज व ट्रस्ट हित मे कार्य करने का विश्वास दिलाया।

छात्र-छात्राओं को बांटे टेबलेट

टोंक। दत्तवास क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में राज्य सरकार की ओर से होनहार विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट दिए गए। टेबलेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच प्रमिला बेनीवाल रहे, सरपंच ने छात्र-छात्राओं को कहा कि सरकार की ओर से दिए जा रहे इन टेबलेट का सदुपयोग करे और शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करे। टेबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी सुरेंद्र बेनीवाल ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा निशुल्क टेबलेट योजना अंतर्गत राजकीय विद्यालय सिरोही में अध्यनरत कक्षा 8, 10 एवं कक्षा 12 के टॉपर 8 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए।

कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

शाहपुरा । शाहपुरा के गांव पिपलोद में तीन दिवसीय कबड्डी कुश्ती प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहिताश भडाना आर के ग्रुप शाहपुरा व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुभाष पोसवाल, एसआई माधव कुमार सराधना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश कुमार जोशी ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल के भावना से खेलना चाहिए। जीतने वाले को कभी घमंड नहीं करना चाहिए हार वाले को कभी निराश नहीं होना चाहिए हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है। कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्रकुमार सराधना ने बताया की कबड्डी का मुकाबला अंबेडकर टीम पीपलोद व खोरा लाडखानी के बीच खेला गया जिसमें अंबेडकर टीम पीपलोद विजेता रही। कुश्ती विकास पहलवान व अशोक दहिया के बीच हुई जिसमें विकास पहलवान विजेता रहे। विजेता टीम और उपविजेता दोनों को ट्रॉफी दी। इस मौके पर विजय कुमार पीटीआई, मुरारी रावत, रामवतार सराधना, रितेश, सीताराम सराधना, मुकेश सैन, हेमपाल सराधना, कमलेश शर्मा, महेन्द्र सराधना सहित ग्रामीण युवा टीम मौजूद रही।

बेटियां होगी राज्य स्तर पर सम्मानित

श्रीमाधोपुर । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी गुमान सिंह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी सिंह रूलानियां ने बताया कि कक्षा दसवीं की प्रिया यादव पुत्री चौथमल यादव, कक्षा बारहवीं में चेतना सैनी पुत्री रामसिंह सैनी, खुशबू योगी पुत्री घासीलाल ने बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक हासिल करने पर राज्य स्तरीय मेरिट प्राप्त की है। जिसको लेकर तीनों बेटियों का चयन कर पीसी टेबलेट राज्य सरकार द्वारा देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार ने तीनों बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता मनोज सैनी, प्रियंका चतुर्वेदी, मीठालाल मीणा ,शिक्षाविद गिरधारी सिंह रूलानिया, दयाशंकर जांगिड़, महावीर यादव, कृष्ण कुमार मीणा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

गणेश मंदिर में सजावट

गोविंदगढ़ /अलवर । गोविंदगढ़ कस्बे के गणेश मंदिर को बड़े ही धूमधाम से सजाया गया गणेश मंदिर के महंत गिर्राज शर्मा ने बताया कि भक्त अपने मन में आस्था और मनोकामना लिए हुए रिद्धि- सिद्धि के दाता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। सवेरे से ही बच्चों सहित महिलाएं, पुरुष मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश जी का आशीर्वाद और प्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। दोपहर 3:00 बजे मंदिर से भव्य शोभायात्रा झांकियां के साथ कस्बे मुख्य बाजारों से होकर निकलेगी उसके बाद गणेश मंदिर पहुंचेगी शाम 6:00 बजे माखन मटकी का कार्यक्रम मंदिर के आगे में किया जिसमें महिला बच्चे बुजुर्गों भारी संख्या में आकर गणेश चतुर्थी पर्व का भरपूर आनंद लिया और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गुंजे सभी को प्रसादी वितरण की गई भगवान गणेश के प्रति श्रद्धालुओं की भावना देखने को मिली।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काट कर मनाया पायलट का जन्मदिन

टोंक। कांग्रेस महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट का 7 सितम्बर को 47वां जन्मदिवस जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा गौ सेवा के रूप में धुमधाम से मनाया गया।

अम्बेडकर खेल स्टेडियम टोंक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि तथा स्टेडियम में गायक

■ अम्बेडकर खेल स्टेडियम टोंक में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि तथा गायक कलाकारों ने पायलट जन्मदिन के मंगल गीत गाये

कलाकारों ने जन्मदिन के मंगल गीत गाये, तत्पश्चात 47 पौंड का केक काटकर सचिन पायलट दीर्घायु, मंगलमय जीवन की कामना की। सभी कांग्रेसजन गांधी गौशाला टोंक पर चारा वितरण के लिए रवाना हुए, गंधी गौशाला में बड़ी संख्या में कांग्रेस दानदाताओं द्वारा हरा चारा सुखे चारा, गुड़ गायों को खिलाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा के साथ, सऊद सईदी, रामबिलास चौधरी, कमल बैरवा, कुदीप राजावत, दिनेश चौरासिया, सुनील बंसल, कैलाशी देवी मीणा, इरशाद बेग, हंसराज फागणा, अलका बैरवा, शब्बीर अहमद, पंकज यादव, युसुफ इंजिनियर, आतिफ नक़वी, मंयक गेयल, अब्दुल खालिक, महावीर तोग्डा, जर्रार खान, इम्तियाज खान, हंसराज गाता, सतवीर गुर्जर, रामलाल सण्डीला, कमलेश चावला, हनुमान यादव, अशोक महावर, सी.पी. श्रीवास्तव, धमेन्द्र सालोदिया, राहुल सैनी, बजरंग वर्मा, इत्यादि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

टोंक विधायक सचिन पायलट का 7 सितम्बर को 47वां जन्मदिवस जिला कांग्रेस कमेटी टोंक में धूमधाम से मनाया।

गणेश महोत्सव शुरु

देवली (निसं)। यहां विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में दस दिविसीय भव्य गणेश महोत्सव प्रारंभ हुआ। समिति के मीडिया प्रभारी अमित ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी से अन्नत चतुर्दशी दस दिवसीय भव्य गणेश महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष आशीष पंचोली व शहर अध्यक्ष सत्यनारायण साहू के द्वारा गणेश मूर्तियों की पूजा अर्चना कर अठावाल धर्मशाला से दशहरा मैदान टिन शेड तक भगवान गणेश की बैंड बाजो के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। आज रात्रि को सुंदर काण्ड मण्डली के द्वारा विशाल सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ जिसमे आस पास व शहर की सुंदरकांड मंडलिया सम्मिलित होगी। समिति के अध्यक्ष पंकज जैन व मंत्री राकेश ओसवाल ने बताया कि दस दिवसीय महोत्सव में रोजाना अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शोभा यात्रा में दुर्गा वाहिनी से मनीषा, नेहा, कविता, राजकुमारी, यात्रा प्रमुख शिवराज साहू, उपाध्यक्ष राजिव भारद्वाज, प्रमोद मंगल, सुरेंद्र डीडवानिया,दिनेश जैन,अशोक मंडल, प्रहलाद सेन,तेजेंद्र पारीक, गोविंद बारेठ, लोकेश लक्षकार,पण्डित कमलेश शर्मा, अजय मेवाड़ा,यज्ञेश दाधिच, संजय सेठी,विनोद टांक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामलीला मंचन 22 से

पावटा । आदर्श रामलीला मंडल पावटा की कार्यकारिणी व पदाधिकारियों के सदस्यों की बैठक का आयोजन वरिष्ठ सदस्य व संरक्षक उमेश टांक की अध्यक्षता मे किया गया। मंच का संचालन कमेटी सदस्य रामशरण बोहरा व ने किया। वही बैठक मे उपस्थित वरिष्ठजनो अमरनाथ पटेल, उमेश टांक, वीरेंद्र बंसल, सहित कमेटी के कमेटी अध्यक्ष योगेश शर्मा, उपाध्यक्ष रामशरण बोहरा, नरेंद्र गौड, सोनू भांकरी वाला, कोषाध्यक्ष विकास पुजारी व ललित शर्मा सहित सदस्यों की सहमति से 2०24 का इस साल विशाल दशहरा महोत्सव के तहत रामलीला मैदान में 22 सितबर से बडी धूमधाम के साथ रामलीला का मंचन मनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि अबकी बार भव्यता के साथ में स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। अभी से तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ में शुरू कर दी ।

पायलट के जन्मदिन पर 137 यूनिट रक्तदान

दौसा । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिन पर आज भगवान श्री देवनारायण मंदिर गुर्जर छात्रावास दौसा में पीसीसी सदस्य सुरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में 137 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा रहे, विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री ममता भूपेश व बांदीकुई के पूर्व विधायक गजराज खटाना, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड रहे।

कार्यक्रम अतिथियों ने भगवान देवनारायण व राजेश पायलट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया। आयोजित रक्तदान शिविर में दौसा प्रधान प्रहलाद रोहडा, सिकंदरा प्रधान सुलतान बैरवा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव करतार सिंह माल, प्रदेश महासचिव प्रकाश मुंडियाखेडा, युवा कांठोस जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हेमराज जोपाड़ा, पूर्व सचिव हरिमोहन आजाद, युवा महासचिव श्रेयांश शर्मा, सिकराय अध्यक्ष हेमन्त गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज गुर्जर, मंजू बगडेड़ा, डॉ एस आर माल, देहरादून क्लासेज कमल लोहसरी, हेमराज कसाना, देवेंद्र बैराड़ा, उम्मेद सिंह लवाना, सूबेदार गुर्जर, मुरारी डोई, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुषो ने रक्तदान किया सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक कलाकार हनुमान गुर्जर निमोद, कानाराम मीना थली, हनुमान गुर्जर निमली ने सचिन पायलट के गानों पर प्रस्तुति दी। सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट के जन्मदिन पर भगवान श्री देवनारायण मंदिर गुर्जर छात्रावास दौसा में पीसीसी सदस्य सुरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

गणेश चतुर्थी हर्षोल्लास के साथ मनाई

दौसा। जिले में शनिवार को गणेश चतुर्थी का महापर्व बडे ही उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इधर मुख्यालय पर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर सहित अनेक मंदिरों में भगवान गणेश की मनमोहक झांकी सजाई गई। वही दूसरी ओर मंदिर में झांकियों के दर्शन के लिए देर सायं को श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। उल्लेखनीय है कि शनिवार को गणेश चतुर्थी का महापर्व बडे की हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर गणेश भगवान की पूजा अर्चना की गई, चूरमा व मोतीचूर के लड्डू, गुड धाणी का भोग लगा गया। सिद्धि विनायक मंदिर में प्रातः गजानन महाराज का पंचामृत से स्नान कराकर दुग्ध अभिषेक किया गया।

इसके बाद नई पोशाक धारण करवाकर श्रृंगार आरती की। सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान गणेश को साढे 5 मण मोदक का भोग लगाया गया तथा दोपहर 12.15 बजे भोग आरती तथा शाम को महाआरती की। इस दौरान सैकडो की तादाद में श्रृद्धालुओ ने भाग लिया। उधर नीलकंठ पहाडी की

■ देवालयों में सजाई झांकी

तलहटी में स्थित बैजनाथ महादेव मंदिर में प्रथम पूज्य गणेशजी महाराज, गज लक्ष्मी व धन के देवता कुबेर के साथ विराजमान हैं। मान्यता है कि यह प्रतिमा दुर्लभ व अति प्राचीन होने के कारण इसके प्रति लोगों की विशेष आस्था है। यहां के बैजनाथ महादेव मंदिर का इतिहास करीब 14 सौ साल पुराना बताया जाता है। इस मंदिर में बैजनाथ महादेव की जलहरी के ठीक सामने गणेशजी महाराज, गजलक्ष्मी व कुबेरजी की प्रतिमा एक ही पत्थर पर बनी हुई है।

देवालयों में सजाई झांकी :- शहर के अन्य देवालयो में भगवान गणेश की मनमोहक झांकियां सजाई गई, झांकियों के दर्शन के लिए प्रात से ही श्रृद्धालुओ की भीड उमडना शुरु हो गई थी। इधर भीड को नियंत्रण के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिसकर्मियो को तैनात किया ।

मालपुरा में 101 स्थानों पर गणपति प्रतिमाओं की स्थापना

मालपुरा (निस) हिन्दु समरसत्ता मंच एवं गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान मे गणेश चतुर्थी पर मालपुरा शहर मे अलग-अलग स्थानो पर 101 गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणेश जन्म पर माणक चौक बाजार गणेश मंदिर में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन,प्रदेश भाजपा उधोग प्रकोष्ठ सदस्य नरेन्द्र जैन,समाजसेवी रामबाबू खण्डेलवाल ने समिति पदाधिकारियो व गणमान्य लोगो की उपस्थिति मे विशेष पूजा अर्चना कर गणेश मैले का आगाज किया। माणक चौक बाजार सहित बम्ब तालाब पालवाले विघ्न हरण गणेश मंदिर,सदर बाजार, पुरानी तहसील, पेडीघाट व दानवरायजी गणेश मंदिर मे मोदको का भोग लगा सजीव झांकिया सजाई गई। विधानसभा क्षैत्र के सबसे बडे माणक चौक गणेश मैले मे आस्था का सैलाब उमडा। एक सो आठ दीपकों से महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। म्यूजिक ग्रुप द्वारा एक से बढकर एक गणेश भजनों की प्रस्तुतियां दी ।

गणेश भगवान का हुआ पंचामृत अभिषेक

पावटा। श्री गणेश जन्मोत्सव के दो दिवसीय आयोजन पर कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत पावटा कस्बे के गणेश बाजार स्थित श्री गणेश मन्दिर मे विनायक कमेटी पावटा के नेतृत्व मे शुक्रवार को सर्वविघ्न विनाशक, रिद्धि-सिद्धि के प्रदाता भगवान गजानन की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया गया। जानकारी देते हुए विनायक कमेटी पावटा के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सोमवार सुबह 6 से 9 बजे तक मेहंदी रस्म, 9.15 बजे से पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से श्री गणेश भगवान का पूजन व सुबह 11 प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। वही अपराह्न 12 बजे महाआरती के बाद भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद विनायक कमेटी के नेतृत्व मे शाम 3 बजे विभिन्न झाकियों सहित गणेश जी नगर भ्रमण पर निकलें। इस दौरान विशिष्ट स्वर्ण-रजत आभूषणों से भगवान गजानन की प्रतिमा का अनुपम श्रृंगार किया गया। वही शनिवार को प्रतिवर्ष की भाँति पावटा सहित आस पास के क्षेत्र मे गणेश चतुर्थी का पर्व परपरागत रूप से बडे ही धूमधाम से मनाया गया। वही पावटा मुय बाजार स्थित भगवान गणेश मंदिर में विशेष श्रृंगार एवं आकर्षक सजावट की गई है तथा सुबह से ही दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। लोगों ने भगवान के लड्डूओं का भोग लगा कर परिवार में खुशी एवं सुख समृद्धि की कामना की। वही विनायक कमेटी पावटा द्वारा श्री गणेश जी महाराज का बारिश की थीम। पर भव्य दरबार सजाया गया। जहाँ गणेश जी महाराज के लड्डूओं का भोग लगाया गया। वही मंगलदास जी महाराज के सानिंध्य में मंगला झांकी से लेकर शयन आरती तक विशेष अराधना की गई। ो मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संया को देखते हुए सुविधा के लिए आयोजक विनायक कमेटी से अजय गोयल, नेहिल मंगल, महावीर यादव, अभिषेक, विपिन गंगावत, आशीष शर्मा, सन्नी मोदी, लोकेश टांक, राजू जाट, रोहिताश गढवाल सहित सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई।

सार-समाचार

नाचते गाते रवाना हुए पदयात्री

टोंक। श्रीदेवनारायण पदयात्रा समिति टोंक के तत्वावधान में गुर्जर समाज की दो दिवसीय 37वीं विशाल पदयात्रा शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद देवधाम जोधपुरिया के लिए गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा संयोजक लक्ष्मीनारायण गुर्जर, शिवराज कूकड, रामअवतार धाभाई ने बताया कि यहां कालाबाबा स्थित हीरामन बाबा का मंदिर में महाआरती के बाद ध्वज पूजन किया गया। इसके बाद गाजे बाजे के की धुनो पर नाचते गाते हुए पदयात्री रवाना हुए। पदयात्रा पुराना बस स्टेण्ड, घंटाघर, गाँधी पार्क होते हुए सांडबाबा का मंदिर पहुंची जहां गुर्जर समाज के पंच पटेलों द्वारा सभी पदयात्रियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी पदयात्री बमोर दरवाजा स्तिथ श्री देवनारायण मंदिर के दर्शन करने के पश्चात् छावनी, पक्का बंधा, सोयला, मोटूका, बरोनी होते हुए निवाई पहुंचे। पदयात्रियों का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर एवं अल्पाहार कराकर स्वागत किया गया। इस दिन पदयात्रियों का रात्रि विश्राम निवाई में होगा। अगले दिन 8 सितम्बर को निवाई में देशभर से आने वाले पदयात्रियों के साथ वनस्थली होते हुए सायंकाल देवधाम पहुंच कर ध्वज अर्पण किया जाएगा।

आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग

पावटा। तहसीलदार की पदोन्नति में मंत्रालयिक कर्मचारियों के आरक्षित कोटे से छेड़छाड़ नहीं करने व यथावत रखने की मांग को लेकर राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने पावटा उपखंड कार्यालय पर शुक्रवार को पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय को मुयमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। वही राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर दोपहर बाद कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान रामनिवास यादव, कैलाश सैनी, कुलदीप, राजपाल, कमल अनिल ने बताया कि आरक्षित कोटे से छेडछाड नहीं करने की मांग को लेकर राजस्थान सरकार के मंत्री राजस्व विभाग राजस्थान सरकार एवं प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग को ज्ञापन देकर कर विरोध दर्ज करवाया जा चुका है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

आईएएस सत्येंद्र सिंह सम्मानित

देवली । अंडमान निकोबार दीप समूह में आईएएस एवं देवली की साकेत कॉलोनी निवासी सत्येंद्र सिंह दुरसावत दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित हुए। सत्येंद्र सिंह के बड़ भाई एडवोकेट अजीत सिंह ने जानकारी में बताया कि सत्येंद्र सिंह अंडमान निकोबार द्वीप समूह में उपराज्यपाल के सचिव और इंडस्ट्रीज जनजाति कल्याण विभाग देखते हैं। ऐसे में उन्हें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग समागम 2024 समारोह में सम्मानित किया है । प्रादेशिक उद्योग कांक्लेव 2024 का उद्देश्य राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करना एवं संभावित निवेशकों से संपर्क स्थापित कर राज्य में उपलब्ध निवेश की संभावना का प्रचार प्रचार करना था। आईएएस अधिकारी सत्येंद्र सिंह को इसी क्षेत्र में अंडमान निकोबार में सराहनीय कार्य करने पर केंद्रीय मंत्री से सम्मान मिला है।

गणेश मंदिरों में सजावट हुई

मनोहरपुर । स्थानीय कस्बे सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में श्री गणेश चतुर्थी विधिवत रस्म ओ रिवाज के हर्षोल्लास के साथ में मनाई गई इस अवसर पर श्री गणेश जी के मंदिर को आकर्षक व मनमोहक विद्युत सजावट सजावट से व गुब्बारों से सजाया गया । मनोहरपुर के इंद्रा कॉलोनी में स्थिति श्री गणेश जी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों की आवा जाहि रही भक्त श्री गणेश जी के मंदिर में मत्था टेक कर सुख शांति की दुआ करते हुए सेल्फी लेते हुए दिखाई दिए इधर शाम को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तगणों ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया । यह जानकारी दिल्ली पुलिस के जवान श्री भाना राम यादव, विद्युत कर्मचारी नेता श्री हरीश शर्मा, मास्टर श्री संतोष प्रजापति आदि ने दी है ।

पायलट का जन्मदिन मनाया

शाहपुरा । राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम और कांठोस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का 47 वां जन्मदिवस शाहपुरा विधानसभा के खोरी ठाम पंचायत स्थित श्री परमानंद धाम गौशाला में गौसेवा व पौधारोपण कर विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस मौके पर महाराज श्री हरिओम दास के सानिध्य में सचिन पायलट की दीर्घायु तथा सफल राजनीतिक जीवन के लिए कामना के लिए साधु संत पंडितों द्वारा सत्संग रामधुनी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विधायक मनीष यादव ने बताया कि इस बार पूरे प्रदेश में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन को गौसवा संकल्प के तौर पर समर्थकों द्वारा मनाया गया। सचिन पायलट ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर राजस्थान की राजनीति में एक नई दिशा प्रदान की है। आज के युवा उन्हें अपना आदर्श मानते हुए राजनीति में कदम रख रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौसेवा कर पायलट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। नगरपालिका पूर्व चैयरमैन बद्री सैनी,पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास ने बताया कि परमानंद धाम गौशाला में गौमाता सवामणी कर गुड,दलिया,हरा चारा खिलकर गौमाता की पूजा अर्चना की गई।इस मौके पर एक चारे की गाड़ी गौमाताओं के लिए दान कर पौधारोपण कार्यक्रम भी किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नाथुराम सैनी , मुकेश गुर्जर , प्रेमदेवी (पूर्व चेयरमैन) , सरपंच प्रतिनिधि नेमीचंद सैनी, सुरज्ञान मीना , रवि सैनी, साधु राम यादव , धर्मसिंह यादव पूर्व सरपंच कालूराम रावत, रघुवीर गुर्जर , नगरपरिषद पार्षद असलम क़ुरैशी, घनश्याम सेनी , पार्षद प्रतिनिधि रामवतार, प्रह्लाद बछन्डा पंचायत समिति सदस्य शिवराम गुर्जर , बनवारी,भीमसिंह चौहान, पंचायत समिति प्रतिनिधि महेन्द्र चौधरी, शैतान, अमरसिंह,मनीष, मंजीत व काग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्री चौधरी ने उद्यान की नवाचार तकनिक केन्द्र का किया निरीक्षण

मालपुरा (निस) जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को टोडारायसिंह क्षेत्र के बीसलपुर थडोली में स्थित उद्यानिकी नवाचार तकनिकी केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र पर संचालित गतिविधियों व परियोजनाओं

■ केन्द्र पर संचालित गतिविधियां व परियोजनाओं की प्रगति देखी

की प्रगति का जायजा लिया। मंत्री ने निरीक्षण के पश्चात कार्य की गति को और तेज करने तथा उसे सही दिशा प्रदान करने के उदेश्य से सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री चौधरी ने कहा कि इन निर्देशो मे परियोजना के लक्ष्य को समय पर पूरा करने व गुणवत्तापूर्ण मानको को बनाये रखने की आवश्यकता जताई। केबिनेट मंत्री चौधरी ने बताया कि पर्यटन की दृष्टि से यह केन्द्र जिले मे महत्वपूर्ण आर्कषण केन्द्र बनने की क्षमता रखता है। इस केन्द्र की अधिकत्य विशेषताऐं एवं नवीनतम तकनिको का प्रदर्शन केवल स्थानीय लोगो के लिये लाभदायक होगा। बल्कि पर्यटको को भी अपनी और आकर्षित करेगा। जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को टोडारायसिंह क्षेत्र के बीसलपुर थडोली में स्थित उद्यानिकी नवाचार तकनिकी केन्द्र का निरीक्षण किया।

गणेश महोत्सव का आगाज

टोंक । भाजपा जिला महामन्त्री व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभु बाडोलिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश की पुजा अर्चना कर विधि विधान से कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। आनन्दम संस्था टोंक द्वारा रामजी महाराज (दूधिया बालाजी संत आश्रम) के सानिध्य में श्रीगणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या श्री अन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री राजस्थान सरकार कन्हैयालाल चौधरी रहे तथा पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज, नरेश बंसल व पूर्व सभापति टोंक लक्ष्मी देवी जैन, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बैनी प्रशाद जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष टोंक देहात रतन चौधरी, युवा नेता विनायक जैन, कवि प्रदीप पंवार मौजूद रहे। कार्यक्रम में गुजरात से पधारी भजन गायका आशा वेष्णव ने भजनों की मिठास से भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को बाँधे रखा, भारी बरसात में भी श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते रहे।

सिद्ध पुरुष संत काले खां मार्ग की अनदेखी

किशनगढ़ बास। काले खां बाग किसी पहचान का मोहताज नहीं है। फिर भी इस मार्ग की अनदेखी की जा रही है । आजादी के पहले से सिद्ध पुरुष संत काले खां महाराज की स्थली रहा है और उन्हीं के नाम पर इस बाग की पहचान है। इस बाग में आज भी उनका स्थान है और आज भी लोग प्रतिदिन उनके स्थान पर माथा टेक कर आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। इसके अलावा इस काले खां बाग की एक और विशेष यह पहचान है की यहां न्याय पालिका अधिकारियों सहित उपखंड के एसडीएम डीएसपी के बंगले है। इतना ही नहीं यहां पर नगर पालिका सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से लेकर सहायक अभियंता वन विभाग नरेगा कार्यालय चल रहें। यही नहीं उपखंड का आईटी केंद्र यहां स्थापित है जिसमें अधिकारी वीसी की बैठक लेने के लिए आते हैं। इसी के साथ कृषि विभाग और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी यहां पर चल रहा है। यह सब बताने की जरूरत क्यों आ पड़ी वह इसलिए की काले खां बाग में आज भी सिद्ध पुरुष संत काले खान जी का स्थान है जो शायद इस बाग में रह रहे अधिकारियों को मालूम नहीं है या फिर वह जानते हुए भी अनदेखी किए हुए हैं। विडंबना की बात है कि पूरे शहर में सडकों व लाइट का जाल बिछा कर शहर को साफ सुथरा और लाइट की रोशनी से जगमग कर देने वाली नगर पालिका का कार्यालय है और कार्यालय के बगल में ही सिद्ध पुरुष संत काले खां जी महाराज का स्थान है। फिर भी यह मार्ग चमन नही हुआ। इस सिद्ध संत की स्थली के पास में ही नरेगा ऑफिस के साथ आईटी केंद्र संचालित है जहां उपखंड के सभी विभागों के अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। इसी के बगल में ब्लॉक शिक्षा विभाग व कृषि विभाग का कार्यालय भी संचालित है। इस स्थान से लगभग 50 मीटर की दूरी पर उपखंड के सबसे बड़े अधिकारी एसडीएम का निवास है। अब बात करते हैं नगर पालिका की और अधिकारियों की कथनी और करनी में फर्क की एसडीएम निवास के मुख्य गेट से मैन सडक तक सडक बना दी गई है।